**CBSE Class–5 Hindi**
**NCERT Solutions**
**रिमझिम पाठ- 18.**
**चुनौती हिमालय की**

**कहाँ क्या है**

**प्रश्न 1. (क) लद्दाख जम्मू-कश्मीर राज्य में है| पाठ्यपुस्तक में दिए गए भारत के नक़्शे में ढूँढो कि लद्दाख कहाँ है और तुम्हारा घर कहाँ हैं?**

**(ख) अनुमान लगाओ कि तुम जहाँ रहते हो वहां से लद्दाख पहुँचने में कितने दिन लग सकते हैं| और वहां किन-किन जरियों से पहुँचा जा सकता हैं?**

**(ग) किताब के शुरू में तुमने तिब्बती लोककथा 'राख की रस्सी' पढ़ी थी| पाठ्यपुस्तक में दिए गए नक्शे में तिब्बत को ढूँढो|**

**उत्तर-** (क) लद्दाख – *(मानचित्र में देखें)

हमारा घर - ●(मानचित्र में देखें)

(ख) हम दिल्ली में रहते हैं| यहाँ से लद्दाख पहुँचने में दो-तीन दिन लग सकते हैं| वहां रेल, बस तथा वायुयान द्वारा जाया जा सकता है|

(ग) तिब्बत - ■(मानचित्र में देखें)




वाद-विवाद

**प्रश्न 1. (क) बर्फ से ढके चट्टानी पहाड़ों के उदास और फीके लगाने की क्या वजह हो सकती थी?**

**उत्तर-** बर्फ से ढके चट्टानी पहाड़ों के उदास और फीके लगाने की वजह वहाँ दूर-दूर तक किसी का न होना हो सकती हैं|

**(ख) बताओ ये जगहें कब उदास और फीकी लगती हैं और यहाँ कब रौनक होती है?**

**घर बाज़ार स्कूल खेत**

**उत्तर-** घर - जब घर के सभी सदस्य बाहर चले जाते हैं तो घर उदास और फीका लगता है| लेकिन जब घर के सभी सदस्य घर में होते हैं तब घर में रौनक होती है|
**बाजार** - जब बाजार बंद होने लगता है तो वह उदास और फीका लगता है| लेकिन जब बाजार में लोग खरीदारी करने आते हैं तो वहाँ रौनक होती है|
**स्कूल** - जब स्कूल की छुट्टी हो जाती है तो स्कूल उदास हो फीका लगता है| लेकिन जब बच्चे स्कूल में आते हैं तो वहाँ और रौनक होती है|
**खेत** - जब खेत में फसल नहीं लहराती है, तो खेत उदास और फीके लगते हैं| लेकिन जब यहाँ फसल लहराती है, तब वहाँ रौनक होती है|

**प्रश्न 2. 'जवाहरलाल को इस कठिन यात्रा के लिए तैयार नहीं होना चाहिए|' तुम इससे सहमत हो तो भी तर्क दो, नहीं हो तो भी तर्क दो| अपने तर्कों को तुम कक्षा के सामने प्रस्तुत कर सकते हो|**
**उत्तर-** जवाहरलाल को इस कठिन यात्रा के लिए तैयार नहीं होना चाहिए था क्योंकि उनके पास इस खतरनाक रास्तों पर चलने के लिए पर्याप्त सामान न था| लेकिन उनमें जोश भरपूर था जिसकी जरूरत दुर्गम यात्रा में पडती है|

**प्रश्न 1. तुम मिलकर पहाड़ों का एक कोलाज बनाओ| इसके लिए पहाड़ों से जुड़े विभिन्न तस्वीर इकट्ठा करो- पर्वतारोहण, चट्टान, पहाड़ों के अलग-अलग नजारे, चोटी, अलग-अलग किस्म के पहाड़ अब इन्हें एक बड़े से कागज पर पहाड़ के आकार में चिपकाओ| यदि चाहो तो ये कोलाज तुम अपनी कक्षा के एक दीवार पर भी बना सकते हो |**
**उत्तर-** कोलाज
'कोलाज' उस तस्वीर को कहते हैं जो कई तस्वीरों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर एक कागज पर चिपका कर बनाई जाती है|



**प्रश्न 2. अब इन चित्रों पर आधारित शब्दों का एक कोलाज बनाओ| कोलाज में ऐसे शब्द हों जो इन चित्रों का वर्णन कर पा रहे हों या मन में उठने वाली भावनाओं को बता रहे हों|**
**अब इन दोनों कोलाजो कक्षा में प्रदर्शित करो|**
**उत्तर-** चित्र में कुछ लोग रस्सी आदि के सहारे पहाड़ों पर चढ़ रहे हैं| कुछ पहाड़ बिल्कुल पथरीले दिखाई दे रहे हैं तो कुछ बर्फ से ढके हुए है| कई पहाड़ों पर तरह-तरह के पेड़ भी उगे हुए हैं कुछ पहाड बहुत ही ऊँचे हैं जिन पर चढ़ना अंत्यत मुश्किल है| ये पहाड़

दिखने में बड़े ही सुंदर लग रहे हैं|

**तुम्हारी समझ से**

**प्रश्न 1. इस वृतांत को पढ़ते-पढ़ते तुम्हें अपनी कोई छोटी या लंबी यात्रा याद आ रही हो तो उसके बारे में लिखो|**

**उत्तर-** एक बार मैं अपने गाँव गया था जो कि हिमाचल प्रदेश के ऊँचे-ऊँचे पहाड़ों के बीच कल्पा में है| मैं गाँव जाने के लिए सुबह रेलगाड़ी में बैठ गया| आधा सफर तो सही कट गया| लेकिन जैसे गाड़ी शिमला पहुँची| उसके आगे रास्ते बहुत ही खतरनाक हो गए| सड़कों के दोनों तरफ ऊँचे-ऊँचे पहाड़ दिखाई देने लगे| रात के समय में यह पहाड़ और भी भयानक लग रहे थे| हमारी बस भी घुमावदार रास्तों पर धीरे-धीरे चल रही थी| दूसरे दिन शाम के समय हम अपने गाँव पहुंचे तब सूरज छिप रहा था| बर्फ से ढके पहाड़ सूरज के प्रकाश में सोने की तरह प्रतीत हो रहे थे|

**प्रश्न 2. जवाहरलाल  को अमरनाथ तक का सफर अधूरा क्यों छोड़ना पड़ा?**

**उत्तर-** जवाहरलाल को अमरनाथ तक का सफर अधूरा इसलिए छोड़ना पड़ा क्योंकि आगे का मार्ग और अधिक खतरनाक था| साथ ही उनके पास इन रास्तों पर जाने संबंधित सामान भी नहीं था|

**प्रश्न 3. जवाहरलाल, किशन और कुली सभी रस्सी से क्यों बँधे थे?**

**उत्तर-** जवाहरलाल, किशन और कुली सभी रस्सी से इसलिए बँधे थे कि अगर वह कहीं पहाड़ पर से गिर जाए तो रस्सी का सहारे लटक जाएँगे|

**प्रश्न 4. (क) पाठ में नेहरू जी ने हिमायल से चुनौती महसूस की| कुछ लोग पर्वतारोहण को क्यों करना चाहते हैं?**

**उत्तर-** कुछ लोग पर्वतारोहण मनोरंजन और शौक के लिए करना चाहते हैं| साथ ही आज पर्वतारोहण कुछ लोगों की जीविका का साधन भी बन चुका हैं|

**(ख) ऐसे कौन-कौन से चुनौती भरे काम हैं जो तुम करना पसंद करोगे?**

**उत्तर-** हम निम्नलिखित चुनौती भरे काम करना पसंद करेंगे-

(अ) विद्यालय में पढ़ाई में प्रथम आना|

(आ) विभिन्न खेलों में पुरस्कार जीतना|

(इ) तैराकी सीखना|

(ई) कुछ अन्य भाषाओं का ज्ञान सिखाना|

(उ) मुसीबत में लोगों की मदद करना|

**बोलते पहाड़**

**प्रश्न 1. ● उदास फीके बर्फ से ढके चट्टानी पहाड़**

**हिमालय की दुर्गम पर्वतमाला मुँह उठाए चुनौती दे रही थी|**

**“उदास होना” और “चुनौती देना” मनुष्य के स्वभाव है| यहाँ निर्जीव पहाड़ ऐसा कर रहे हैं| ऐसे और भी वाक्य है| जैसे- बिजली चली गई|**

**चांद ने शरमाकर अपना मुँह बादलों के पीछे कर लिया|**

**इस किताब के दूसरे पाठो में ऐसे वाक्य ढूँढो|**

**उत्तर-** (क) उन्होंने साड़ी की शिकने दुरुस्त की|

(ख) पूरे दस दिन हो गए सूरज लापता है|

(ग) गोलियों की आवाज से पूरी घाटी गूँज गई|

(घ) फसल तैयार खड़ी थी|

(ङ) हम भी बीच-बीच में अपनी पतंगों को सुस्ताने का मौका देते हुए मटर और प्याज छिलने बैठ जाते|

---

**एक वर्णन ऐसा भी**

**पाठ में तुमने जवाहरलाल नेहरु की पहाड़ी यात्रा के बारे में पढ़ा| नीचे एक और पहाड़ी इलाके का वर्णन किया गया है जो प्रसिद्ध कहानीकार निर्मल वर्मा की किताब 'चीड़ों पर चाँदनी' से लिया गया है| इसे पढ़ो और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो|**

**"क्या यह शिमला है - हमारा अपना शहर - या हम भूल से कहीं और चले आए हैं? हम नहीं जानते कि पिछले बार जब हम बेखबर सो रहे थे, बर्फ़ चुपचाप गिर रही थी|**

**खिड़की के सामने पुराना, चिर-परिचित देवदार का वृक्ष था, जिसकी नंगी शाखों पर रूई के मोटे-मोटे गालों से बर्फ चिपक गई थी| लगता था जैसे वह सांता-क्लोस हो, एक रात में ही जिसके बाल सन-से सफेद हो गए हैं.....| कुछ देर बाद धूप निकल आती है - नीले चमचमाते आकाश के नीचे बर्फ से ढकी पहाडियाँ धूप सेंकने के लिए अपना चेहरा बादलों के बाहर निकाल लेती हैं|"**

**प्रश्न- (क) ऊपर दिए पहाड़ के वर्णन और पाठ में दिए गए वर्णन में क्या अंतर है?**

**उत्तर-** ऊपर दिए गए पहाड़ के बंधन में पेड़ों का भी जिक्र है| लेकिन पाठ में उजाड़ चट्टानों का वर्णन है|

**(ख) कई बार निर्जीव चीजों के लिए मनुष्यों से जुड़ी क्रियाओं, विशेषण आदि का इस्तेमाल होता है, जैसे- पाठ में आए दो उदाहरण 'उदास फीके, बर्फ से ढके चट्टानी पहाड़" या "सामने एक गहरी खाई मुँह फाड़े निकलने के लिए तैयार थी|" ऊपर लिखे शिमला के वर्णन में ऐसे उदाहरण ढूँढो|**

**उत्तर-** (क) बर्फ चुपचाप गिर रही थी|

(ख) जिसकी नंगी शाखों के रुई के मोटे-मोटे गालों-सी चिपक गई थी|

(ग) नीले चमचमाते आकाश के नीचे बर्फ से ढकी हुई पहाड़ियाँ धूप सेकने के लिए अपना चेहरा बादलों से बाहर निकाल लेती है|